रोहतक, बुधवार 11 मार्च 2026
haribhoomi.com

खबर संक्षेप

वार्डों में एरिया सभा का अभियान 14 से

नांगल चौधरी। विभागीय निर्देशानुसार नपा प्रशासन 14 मार्च से वार्ड वाइज एरिया सभा का आयोजन करेगा। जिसमें अधिकारी व जनप्रतिनिधियों के साथ 10 फीसदी मतदाताओं की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। बैठक में समस्याओं को सूचीबद्ध करके समाधान किया जाएगा। सचिव ललित गोयल ने बताया कि सरकार ने पंचायतों में ग्रामसभा व शहरों में एरिया सभा करने के निर्देश दिए हैं।

वार्ड वाइज एरिया सभा का आयोजन 14 मार्च से होगा

नांगल चौधरी | विभागीय निर्देशानुसार नांगल चौधरी नपा प्रशासन द्वारा 14 मार्च से शहर में वार्ड-वाइज एरिया सभा का आयोजन किया जा रहा है। नपा सचिव ललित गोयल ने बताया कि सरकार की मंशा अनुसार शहर के विकास और समस्याओं को सुलझाने के लिए यह सभाएं आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में कुल मतदाताओं की संख्या का कम से कम 10 फीसदी उपस्थित होना अनिवार्य है। पारदर्शिता के लिए सभा की वीडियोग्राफी होगी और उपस्थित सदस्यों के रजिस्टर में हस्ताक्षर करवाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि 14 मार्च को सुबह सुबह 10 बजे वार्ड नंबर 1, 2, 3 की और दोपहर 2 बजे वार्ड नंबर 4, 5 व 6 की एरिया सभा का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 15 मार्च को सुबह 10 बजे से वार्ड 7, 8, 9 की तथा दोपहर 2 बजे से वार्ड नंबर 11, 12 व 13 की एरिया सभा आयोजित की जाएगी।